(b) The Government of National, Capital Territory of Delhi has informed that the minimum age required for admission of students to Class First in the recognised schools is 5 years on the actual date of admission which can be any day from the 1st May to the 31st August of the academic year

उत्तर प्रदेश द्वारा "आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना" के तहत अनुदान की मांग

4486. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "आपरेशन ब्लैकबोर्ड" के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में कितने अध्ययन कक्षों का निर्माण किया गया है ;

(ख) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने इस योजना के अन्तर्गत अनुदान की मांग की है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कब तक निर्णय लिया जाएगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) 20284

(ख) 8696.84 लाख

(ग) और (घ) वर्ष 1992–93 के दौरान आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के तहत स्कूल भवनों के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से 556.20 लाख रुपए की केन्द्रीय सहायता जारी करने से संबंधी एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था । ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह राशि राज्य सरकार को 31–3–93 को जारी करदी है।

भगवान बुद्ध का संग्रहालय

4487. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रीलंका थाईलैंड आदि देशों ने भगवान बुद्ध से संबंधित अवशेषों को संग्रहित करके उनका एक संग्रहालय बनाने का अनुरोध किया था;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पटना और औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में इस प्रकार के संग्रहालय बनाने के बारे में विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

Fate of De. Shanna review committee

4488. SHRI MISA R. GANESAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state what has been the fate of recommendations made by Kendriya Vidyalaya Sangathan Review Committee headed by Dr. Sharma which submitted its report in 1988?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): The Kendriya Vidyalaya Sangathan has intimated that the recommendations of the Kendriya Vidyalaya Sangathan Review Committee[1] were examined by an Empowered Committee constituted by the Government. The recommendations together with the advice of the Empowered Committee Were placed before the Board of Gover-

nors of Kendriya Vidyalaya Sangathan in its meeting on 22.8.1990. The Board of Governors authorised the Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan to constitute a sub-committee to suggest the ways and means for implementation of the recommendations.

The Kendriya Vidyalaya Sangathan has further informed that the action points prepared by KVS on the basis of the suggestions of the Sub-Committee have been included in the Agenda items for the meeting of the Board of Governors scheduled to be held on 6.9.1993.

Modification in transfer guidelines

4489: SHRI MISA R. GANESAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether some employees associations had asked for some modifications in tranfser Guidelines after these were approved by the K.Vs, board of Governors in 1990;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the reasons why these were not included considered for inclusion in the said Guidelines as yet?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) to (c) Kendriya Vidyalaya Sangathan has intimated that the transfer guidelines were approved by the Board of Governors of the Sangathan in its mening held on 22.8.1990. From time to time different teaching and non-teaching staff associations have been requesting for modifications. The Sangathan have ooasidered the views/representations made by these associations and taken necessary action to meet the genuine demands wherever it is administratively possible, keeping in view the overall interest of the organisation.

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा विद्यालयों का चयन

4490. श्री महेश्वर सिंह : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खेल प्राधिकरण ने देश में खेलकूद को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से इस वर्ष कुछ नये विद्यालयों का चयन किया है; यदि हां तो इन विद्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार द्वारा पूर्वतः चुने गये सभी विद्यालयों में इस योजना के अंतर्गत संतोषजनक कार्य हो रहा है; यदि नहीं तो उन विद्यालयों का राज्यवार ब्यौरा क्या है जहां यह योजना संतोषजनक रूप से कार्य नहीं कर रही है ; और

(ग) क्या जिन विद्यालयों में यह योजना संतोषजनक रूप से कार्य नहीं कर रही है उन विद्यालयों के स्थान पर नये विद्यालयों का चयन करने के संबंध में जन प्रतिनिधियों के कुछ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है ;